




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

| वर्ष 18 | अंक 134 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 24 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया |
|---|---|---|---|---|---|




**✻ उठावना ✻**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करने में आता है कि स्व. श्री रामप्रसादजी गुप्ता (मंत्री) के पुत्र एवम् दिव्य के पूज्य पिताजी श्री सुनिल गुप्ता (शिरोमणि) का आकस्मिक निधन दिनांक 22/02/2024 को हो गया है, जिनका उठावना दिनांक 24/02/2024 को दोपहर 2 बजे निज निवास स्थान (सरकारी अस्पताल के पास), पिपलिया मंडी रखा गया है।

✻✻✻✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻✻✻✻

कारूलाल, कैलाश, विष्णु, चौथमल, माणकलाल, अनिल, राजेश एवम् समस्त मंडवारिया परिवार पिपलिया मंडी (चचोर वाले).






# जमीन से खींच चुके 109 प्रतिशत पानी..!

## तेरह साल में 8 साल जिला औसत जलस्तर से नीचे रहा



**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ते तापमान और गिरते जलस्तर ने आमजन के साथ ही वैज्ञानिको की चिंता बढ़ा दी है। सरल शब्दों में समझें तो यहां पानी 100 फीसदी क्षमता से ज्यादा दोहित हो रहा है। इधर जल की गंभीरता से जुड़ा दूसरा पहलू ये भी है कि 2006-07 से 2023-24 के बीच के 13 सालों में 8 बार मंदसौर जिला औसत जलस्तर से भी पिछड़ा है। भविष्य के लिए ये बेहद खतरे भरे संकेत हैं।

दरअसल भारत सरकार के केंद्रीय भूजल बोर्ड ने 4 कैटेगरी तय की है। जहां 100 फीसदी क्षमता से ज्यादा दोहन हो चुका है उसे अतिदोहित कहते हैं। 90 से 100 के बीच को गंभीर, 80 से 90 के बीच की स्थिति अर्धगंभीर जहां 70 से कम उन्हें सुरक्षित माना जाता है। पिछले साल के आंकड़ों की माने तो मंदसौर-सीतामऊ तो अतिगंभीर अर्थात अतिदोहित है ही, जिले का मल्हारगढ़ 93.57 फीसदी, भानपुरा 93.23 फीसदी के साथ गंभीर के श्रेणी में है। जबकि, गरोठ 88.82 फीसदी के साथ अर्धगंभीर है। भूजल के लिहाज से सुरक्षित कोई स्थान नहीं रहा है। मंदसौर शहर समेत अनेक गांवों में कई कुओं का जलस्तर अभी से ही नीचे जाने लगा है। हर बार की तरह गर्मी के समय पेयज की दिक्कतों का सामना करना तय है। किसानो को भी सिंचाई के लिए कुओ में पानी मिलना मुश्किल रहेगा। एहतियातन प्रशासन ने भले ही नलकूप खनन प्रतिबंधात्मक आदेश दे रखे है। लेकिन, बोरवेल खनन माफिया मौके के इंतजार में रहते हैं।

**13 साल में बारिश व जलस्तर की स्थिति**

| साल | बारिश | औसत जलस्तर | ओवर ऑल |
|---|---|---|---|
| 2011-12 | 1071.60 | 32-34 | औसत से पिछे |
| 2012-13 | 870.60 | 38-40 | औसत से पीछे |
| 2013-14 | 1057.70 | 30-32 | औसत से पीछे |
| 2014-15 | 661.10 | 41-45 | औसत स्तर |
| 2015-16 | 760.10 | 40-44 | औसत स्तर |
| 2016-17 | 941.00 | 36-40 | औसत से पिछे |
| 2017-18 | 850.00 | 38-42 | औसत से पिछे |
| 2018-19 | 854.00 | 38-43 | औसत स्तर |
| 2019-20 | 2151.00 | 21-24 | औसत स्तर |
| 2020-21 | 613.00 | 43-47 | औसत स्तर |
| 2021-22 | 980.00 | 36-40 | औसत से पीछ |
| 2022-23 | 912.00 | 34-42 | औसत से पिछे |

नोट–बारिश के आंकड़े (मिमी में) जलस्तर (मीटर में)

### रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर सिस्टम में नहीं गंभीरता...



छत का पानी जमीन में पहुंचाने व जलस्तर बढ़ाने में मददगार तकनीक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर जिले के अधिकांश विभाग ही गंभीर नहीं है। इसी तरह नपा भी नए मकान निर्माण की परमिशन के बाद रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर मौका-मुआयना तक नहीं करती। समय-समय पर बने भयावह हालात को लेकर कई सामाजिक संस्थाएं चेताती रही हैं। 90 के दशक में अनुराग संस्था के गोपालकृष्ण पंचारिया ने इसे लेकर पहल की थी।

## बार-बार बदल रहा मौसम, आज भी छाए रहे बादल

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। इस साल मौसम बार-बार बदल रहा है। शुक्रवार शाम कई जगह बारिश के बाद शनिवार को भी दिन भर बादलो की लुकाछिपी चलती रही। मौसम विज्ञानियो के अनुसार 25 फरवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिससे एक बार फिर मौसम बदलेगा। इधर शनिवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास बना रहा।**

शनिवार सुबह से हल्के बादलो के साथ मौसम साफ बना रहा। मौसम जानकारों के अनुसार प्रदेश में 25-26 फरवरी को फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस वजह से भोपाल, जबलपुर समेत 29 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी और बादल छाएंगे। जेट स्ट्रीम आवाज की वजह से ठंडक रहेगी।

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि अभी छत्तीसगढ़ के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इस वजह से बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी आ रही है। इससे हल्की बारिश का दौर जारी है। उत्तर भारत में 24 फरवरी की रात से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 25 फरवरी से प्रदेश में दिखाई देगा। 26 फरवरी को सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा।




## पुलिस ने स्कॉर्पियों से जप्त किया पौने दो क्विंटल डोडाचूरा, 3 गिरफ्तार


**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमे से एक व्यक्ति पायलेटिंग कर रहा था तथा दो लोग उसके पीछे डोडाचूरा लेकर जा रहे हैं।


दलौदा पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली थी कि मन्दसौर तरफ से आ रही एक सफेद रंग की एक्सयूवी-500 कार के अन्दर दो व्यक्ति बैठे हुए है। कार के अन्दर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा भरा हुआ है, जो दलौदा होते हुए गुजरात तरफ जाने वाले है। कार के आगे पायलेटिंग मे मूंदड़ी का भवान सिहं पिता प्रेमसिहं सौधिया राजपुत अपनी काले रंग की स्कार्पियो नम्बर एमपी 14 जेड जी 1871 से पायलेटिंग मे चल रहा है। यदि तत्काल महु नीमच हाईवे रोड कचनारा के आसपास पहुंचकर नाकाबंदी की जावे तो कार को अवैध डोडाचुरा सहित तथा पायलेटिंग मे लगी स्कार्पियो को पकड़ने में सफलता मिल सकती है।

मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल टीम गठीत कर नीमच महु हाईवे रोड कचनारा मे नाकाबंदी की गई। इसी दौरान मंदसौर तरफ से मुखबीर बताये अनुसार एक काले रंग की स्कार्पियो आती दिखी। जिसको फोर्स की मदद से पुलिस ने रोका तो स्कार्पियो के आगे नम्बर प्लेट पर मुखबीर सुचना मुताबिक नम्बर दिखाई दिया। स्कार्पियो चालक से नाम, पते पुछने पर उसने अपना नाम भवानी सिंह पिता प्रेमसिंह सौधिंया उम्र 54 साल निवासी मुंदडी थाना वायडी नगर जिला मंदसौर का होना बताया। स्कार्पियो के पीछे एक सफेद रंग की कार आती दिखी, जिसे रोका तो उस पर नंबर प्लेट पर मुखबीर बताये अनुसार जीजे 05 जेबी 8866 नंबर लिखे हुए पाये। कार में नरपतसिंह पिता उदयसिंह चौहान उम्र 30 साल निवासी गंगासरा थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान का व चालक के पास वाली सीट पर मगसिंह पिता भंवरसिंह उम्र 24 साल निवासी गंगासरा थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान बैठा हुआ था।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार से 09 सफेद रंग के प्लास्टीक के कट्टे मे भरा डोडाचुरा जप्त किया। उक्त जप्त शुदा डोडाचुरा के संबंध मे पुछताछ करने पर आरोपियों ने बताया की मुंदडी निवासी भवानी सिंह ने अपनी स्कार्पियो से डोडाचुरा भरकर मुंदडी गांव के बाहर हमारी एक्सयुवी कार मे डोडाचुरा भरवाया ओर ढोढर टोल पार करवाने तक पायलेटींग कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## अफीम तस्कर को 10 साल की सजा एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा अफीम तस्करी के आरोपी भंवरलाल पिता रूपा गायरी उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम सगवाली जिला मंदसौर को अफीम तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने घटना के संबंध में बताया कि 15 फरवरी 2018 को पुलिस थाना शहर कोतवाली के सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसिंह हटीला को मुखबीर द्वारा सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जिसने सफेद रंग का कुर्ता एवं सफेद रंग की धोती पहन रखी है, जिसके दाहिने हाथ में कट्टे से बनी थैली है। जिसमें मादक पदार्थ अफीम है। सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स अनुसंधान सामग्री सहित मुखबीर के बताये अनुसार स्थान पर रवाना हुआ

शहर में स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर हीरों होंडा शोरूम की आड़ में छिपकर मुखबीर द्वारा बताये गये व्यक्ति के आने का इंतजार करने लगे। करीब 25 मिनट बाद एक व्यक्ति सफेद कुर्ता व सफेद धोती पहने हुए तथा अपने दाहिने हाथ में कट्टे से बनी थैली लिये हुए आया था, जिसे घेरा बंदी कर रोका गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम भंवरलाल गायरी बताया, उसकी थैली की तलाशी लेने पर एक पारदर्शी पॉलिथिन की थैली में तीन किलो काले रंग का गाढा मादक पदार्थ अफीम होना पाया गया। आरोपी का कृत्य धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मौके पर अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस प्रकार मौके की संपूर्ण कार्यवाही पश्चात थाने पर वापसी उपरांत आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना शहर कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्कों र्से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## पत्थर हटाने की बात को लेकर एक-दूसरे के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को कारावास

**जावद, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री प्रीति परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद के द्वारा घर के सामने से पत्थर हटाने की बात लेकर मारपीट कर गंभीर चोट पँहुचाने वाले एक पक्ष के दो आरोपीगण (01) नंदकिशोर पिता जगदीशचन्द्र राठौर, आयु-33 वर्ष व (02) संतोषबाई पति नंदकिशोर राठौर, आयु-33 वर्ष को धारा 325/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 500-500रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा मारपीट कर साधारण पँहुचाने वाले दुसरे पक्ष के दो आरोपीगण (01) सिद्दीक उर्फ फोरू पिता अब्दुल गनी, आयु-40 वर्ष व (02) शाहिद पिता सिद्दीक उर्फ फोरू, आयु-19 वर्ष दोनो निवासी-ग्राम जाट थाना रतनगढ जिला नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओ श्री आकाश यादव द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 29.01.2017 की शाम की 07 दोनो पक्षकारों के ग्राम जाट स्थित घर के पास की है। घटना दिनांक को दोनो पक्षकारो के मध्य घर के सामने स्थित रास्ते पर पत्थर डालने की बात को लेकर विवाद हो गया, जिस कारण दोनो पक्षों द्वारा एक-दूसरे के साथ मारपीट कर चोटे पँहुचाई गई, जिसकी रिपोर्ट दोनो पक्षकारो द्वारा थाना रतनगढ में की गई। विवेचना के दौरान आहतगण का मेडिकल किये जाने के उपरांत शेष आवश्यक अनुसंधान अभियोग पत्र जावद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में दोनो पक्षों के आहतगण व घटना के चश्मदीद साक्षीगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा दोनो पक्षों के आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री आकाश यादव, एडीपीओ द्वारा की गई।

# गरीबों के कष्टों को मिटाना सरकार का लक्ष्य

## नीमच में बोले मुख्यमंत्री मोहन यादव, करोड़ों के विकास कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन संपन्न

**नीमच 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश, एवं प्रदेश में संभावनाओं के आधार पर विकास और जन भावनाओं के अनुरूप सनातन संस्कृति का सम्मान हो रहा है। सनातन संस्कृति के तहत वनवासियों को साथ लेकर प्राणी मात्र से प्रेम करते हुए भगवान राम ने आदर्श पुत्र और आदर्श शासक का उदाहरण देश एवं दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसी का परिणाम है, कि हम सभी आज भी राम राज्य की स्थापना की कामना करते है। राम राज्य का अर्थ है, गरीब के जीवन से कष्ट मिटाना, देश को स्वाभिमान के साथ जीना सिखाना और हर क्षेत्र में सुव्यवस्था स्थापित करना।

यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को नीमच के रोड शो और उस आभार यात्रा के पश्चात दशहरा मैदान पर आयोजित महती आम सभा को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री एवं विधायक जावद ओमप्रकाश



सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक और बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाती चोपड़ा, पूर्व पंचायत अध्यक्ष चित्तौड श्रीचंद कृपलानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान सहित नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षदगण, पंचायतों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर सबको गर्व है। देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का पर्व चल रहा है, देश में सर्वधर्म समभाव ही शासन संचालन का आधार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश संभावनाओं के आधार पर विकास के मार्ग का अनुसरण कर रहा है और भावनाओं के आधार पर सनातन संस्कृति को सम्मानित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास को समर्पित है। इसी का प्रमाण है कि बडी संभावना वाले नीमच जिले में अनेकों विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने विकास की इस प्रक्रिया में नीमच वासियों से सहयोगी बनने का आव्हान किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के देश के विकास में योगदान एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वा सुन्दरलाल पटवा एवं स्वर्गीय विरेन्द्र कुमार सखलेचा के देश एवं प्रदेश के विकास में किए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। चुनी हुई सरकार से लोगों की आशाएं- अपेक्षाएं होती हैं और सरकार की विकास के लिए जवाबदारी होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता की सभी आशाओं अपेक्षाओं को पूरा किया है और देश के सामने विद्यमान सभी चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना किया है।

**मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नीमच में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनेको घोषणाएं की। नीमच के कन्या महाविद्यालय में स्टेडियम बनाने, भादवामाता में 20 बेड का हॉस्पिटल बनाने और फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था करने, नीमच शहर की बंगला बगीचा व्यवस्थापन की समस्या का समाधान करने, कुकडेश्वर में नवीन कॉलेज स्वीकृत करने, कुकडेश्वर में बायपास निर्माण, सिंगोली कॉलेज का उन्नयन कर, स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ करने, जावद के 40 बेड के अस्पताल को 100 बेड में उन्नयन करने, रतनगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन करने, जावद से मोरवन सडक को डबल करने, आंतरी माता से भादवामाता तक की सडक के बीच में नलखेडा से सावन तक छूटी हुई 1215 किमी। सडक का निर्माण करवाने की स्वीकृति, नीमच हवाई पट्टी को उन्नयन करने और नीमच से एयर एम्बुलेंस की सेवाएं उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। 752 करोड के 29 कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किया। इनमें 593।48 करोड के 4 कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 158।61 करोड लागत के 16 कार्यो का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री व्दारा किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये और कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान नीमच पर विभिन्न विभागों व्दारा विकास गतिविधियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाई गई वृहद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सीएम ने किया रोड शो, जगह-जगह हुआ स्वागत। इससे पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने फव्वारा चौक से जन आभार यात्रा निकाली। इनके साथ विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, दिलीप सिंह परिहार और सांसद सुधीर गुप्ता भी रथ पर मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत किया गया। बता दे की सीएम बनने के बाद डॉ. मोहन यादव पहली बार नीमच के दौरे पर आए हैं।

## निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नया गुजराती लोहार समाज का चौथा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 25 फरवरी 2024 रविवार को प्रातः 8 बजे से भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में होने जा रहा है। नया गुजराती समाज लोहार धर्मशाला चन्द्रपुरा में आयोजित इस विवाह सम्मेलन में 40 जोडो का विवाह सम्पन्न होगा। आयोजन को भव्य रूप देने के लिये समाजजन तैयारियां कर रहे है। कार्यक्रम में भानपुरा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज नवदंपती को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। महाराजश्री द्वारा आर्शीवचन प्रात: 11.30 बजे दिये जायेंगे। साथ ही सम्पूर्ण देश के स्वजाति बंधु सम्मिलित होंगे। यह जानकारी निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र चौहान बंदूक वाले ने दी।

## आठवी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

**नाहरगढ़, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक स्कूल गरनाई, कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती चित्र पर आदर्श शिक्षिका प्रदानध्यापक श्रीमती ललिता सिसोदिया ने दिप प्रचलित कर समारोह की शुरुआत गई। कार्यक्रम छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत पर मन मोहक प्रस्तुतियां दी। आठवी बच्चों ने स्वामी विवेकानंद चित्र लगी तस्वीर स्कूल स्टाफ को भेंट की। वही स्कूल और से उपहार स्वरूप पेन कॉपी देकर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रचार्य श्रीमती ललीता सिसोदिया ने कहा की विदाई नाम से स्कूल कुछ पल याद आते है। जीवन में हमेशा छोटी सोच नही बडी रखना है। इसी उज्जवल भविष्य साथ आप अभी शुभकामनाएं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ अध्यापक श्री श्याम गवरी, श्रीमती पूजा पाटीदार, सुश्री. अंजु जाटव सहित स्कूल के समस्त छात्र उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर का मंदसौर में आज होगा लालकालीन स्वागत

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय नेता बंशीलाल जी गुर्जर को राज्यसभा सांसद हेतु निर्वाचित किया गया है। राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के पश्चात माननीय बंशीलाल जी गुर्जर के भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर प्रथम नगर आगमन पर भाजपा संगठन पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि गणों, समाज बंधुओं, व्यापारी बंधुओ द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।



निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्यसभा सांसद बंशीलाल जी गुर्जर आज 24 फरवरी शनिवार को प्रात: 10:00 बजे भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर भोलेनाथ की पूजन अर्चन अभिषेक करेंगे, उसके पश्चात रोड शो के माध्यम से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया से संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गणों एवं संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया, राजा गुलाब गेट, वीर सावरकर ब्रिज, प्रतापगढ़ पुलिया कॉर्नर स्थित भावसार दूध डेयरी, मंडी गेट, सदर बाजार, घंटाघर, जिला भाजपा कार्यालय, भारत माता चौराहा, बस स्टैंड बालाजी, युवराज क्लब गांधी चौराहा, दीनदयाल उपाध्याय मैदान, बीपीएल चौराहा, सभ्यता किराना, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, गुप्ता कचोरी चौराहा, मुनीम जी पाव बड़ा चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम, महाराणा प्रताप बस स्टैंड कॉर्नर होते हुए संजय गांधी उद्यान पहुंचेंगे। उपरोक्त मार्ग पर संगठन के विभिन्न मंडलो के पदाधिकारगणों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी बंधुओ एवम आम जनता द्वारा राज्यसभा सांसद बंशीलाल जी गुर्जर का मंच लगाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। तत्पश्चात संजय गांधी उद्यान पर विशाल सभा का आयोजन संपन्न होगा। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## इस साल कल खुलेंगे श्री हेमकुंड साहिब के कपाट, 10 अक्टूबर को होंगे बंद

**देहरादून, 23 फरवरी।** उत्तराखंड में मई के महीने से चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है। उत्तराखंड में स्थित सिक्खों के पवित्र धर्म स्थल हेमकुंड साहिब के भी कपाट खुलने और बंद होने की तारीख की घोषणा हो गई है। हेमकुंड साहिब के कपाट इस बार 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे और 10 अक्टूबर को बंद हो जाएंगे। कपाट खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा आरंभ हो जाएगी।

गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कपाट खुलने और बंद होने की जानकारी दी। इस पर राज्य सरकार ने भी अपनी सहमति दे दी है। मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा।



## गरोठ में सामान्य प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई...

## चार संस्थानों से लिये सेम्पल

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार एवं उनके द्वारा गठित विशेष दल ने 23 फरवरी को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए मंदसौर जिले के गरोठ में चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 23 फरवरी को कार्यवाही और निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल के द्वारा गरोठ तहसील में दूध डेयरी की जांच की गई। जिसमे गणेश दूध डेयरी से दूध एवं पनीर, जनता दूध ड्येरी से दूध एवं पनीर, बीकानेर स्वीटस से मावा पेड़ा मिठाई तथा बस स्टैंड स्थित मधुमिलन होटल से केसर पेड़ा का नमूना लिया गया तथा सभी खाद्य व्यवसायों को साफ सफाई का निर्देश दिये गये।

कार्यवाही के दौरान उक्त गठित दल में तहसीलदार सुश्री प्रियंका मिमरोठ, तहसीलदार किरण गहलोत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रघुराज सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

जब्त नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा।



## नेत्रदान के प्रति बढ़ रही है जागरूकता

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर के नेत्रदान-महादान प्रकल्प के साथ निरंतर लोग जुड़ रहे है। मंदसौर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इसी कड़ी में गत रात्रि पिपलिया मंडी में श्री सुनील जी गुप्ता के असामयिक निधन होने पर लायंस क्लब की प्रेरणा से उनके परिजनों ने नेत्रदान का निर्णय लिया। लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने नेत्रों का उत्सर्जन किया।

प्रोजेक्टर चेयरमेन सीए विकास भंडारी ने बताया कि इस सत्र में लायंस क्लब को अभी तक 14 नेत्रदान प्राप्त हुए है। आपने लोगों को नेत्रदान के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो नेत्र विहीन व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। नेत्रदान के इस प्रकल्प में लायंस क्लब शक्ति पिपलिया मंडी की अध्यक्ष मनीषा दिलीप गोयल, सचिव सोनू फरक्या एवं संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा अग्रवाल का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन, लायन सचिव प्रेम पाटीदार एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करी।

## रविदास जयंती पर निकलेगा चल समारोह

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संत शिरोमणि रविदास जयंती आज 24 फरवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। मंदसौर में भव्य चल समारोह विभिन्न मार्गो से होते हुए निकलेगा।

आज प्रात: 11 बजे संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में चल समारोह रामजानकी मंदिर नर्सिंगपूरा से प्रारंभ होगा जो नयापुरा, कालाखेत, दयामंदिर रोड, गांधी चौराहा से नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर, शुक्ला चौक से जीवागंज से होते हुवे पुन: रामजानकी मंदिर नर्सिंगपूरा पहुंचेगा। यह जानकारी समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के संरक्षक डॉ.चंद्रशेखर अहिरवार ने देते हुवे बताया की इस समारोह मे आयोजन समिति के अध्यक्ष पुष्कर अहिरवार, कन्हैलाल पेंट,र पिंटू चौहान, मनोहर रत्नावत, पुष्कर रत्नावत, मनोहर अहिरवार, दिनेश रत्नावत, ललित रत्नावत, लाला पेंटर, समरथ अहिरवार और कई पदाधिकारी एवं मंदसौर, नीमच, प्रतापगढ़, चितोड़ के कई समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

## रामचरणजी महाराज का जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया



**मनासा, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आराध्य श्री रामचरण जी महाराज का 304 वी जयंती महोत्सव स्थानीय श्री रामद्वारा में बड़ी श्रद्धा आस्था के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे सम्प्रदाय के विद्वान संत श्री मस्तराम रामजी के मुखारविंद से जयंती महोत्सव पर प्रवचन हुवे। रामस्नेही बंधुओ ने पवित्र वाणी जी का पाठ किया। जयंती अवसर पर शाम को बेंड बाजो के नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह निकला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रामस्नेही बंधु रामभजन कर रहे थे। पालकी में आराध्य रामचरण जी महाराज की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र थी चल समारोह के मार्ग पर रामस्नेही बंधुओ ने आराध्य रामचरण जी महाराज की झांकी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। चल समारोह नगर भ्रमण कर हुवे पुन: रामद्वारा पहुंची जहा विद्वान संत मस्त राम जी ने रामचरण जी महाराज की जयंती महोत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते हुवे आराध्य रामचरण जी महाराज के जीवन चरित्र को अपने जीवन में ग्रहण करने की बात कही। सम्प्रदाय द्वार विधायक माधव मारू का सम्मान करते हुवे रामनामी दुपट्टा पहनाते हुवे स्वागत किया गया।।जयंती पर्व की पूर्व संध्या पर रामद्वारा में जागरण किया गया। जिसमे नगर के भजन गायकों ने अपने भजनों से माहोल को राममय बनाया। जयंती महोत्सव कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र मंत्री ने किया। राम प्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## चारा/भूसा का जिले की सीमा से बाहर निर्यात पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में वर्तमान में रबी फसल तैयार होने से कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है फसल कटाई उपरांत प्राप्त चारे- भूसे को पशुधन हेतु उपलब्ध बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर मध्य प्रदेश राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में निर्यात तथा उद्योगों के बायलरों एवं ईट भट्ठों में पशु चारे- भूसे का ईधन के रूप में उपयोग तथा मंदसौर जिला राजस्थान राज्य का सीमावर्ती जिला होने के कारण जिले की सीमा से बाहर अन्य राज्यों में निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिले में चारा, भूसा की पूर्ति बनाए रखने/कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने आदेशित किया हैं कि कोई भी व्यक्ति या संस्थान पशुचारा(आहार) घांस, भूसा, चारा, कड़बी (ज्वार, मक्का के डंठल) आदि मंदसौर जिले से बाहर निर्यात नहीं करेगा। साथ ही उद्योगों एवं फेक्ट्रीयों के बायलरों/ईट भट्ठों आदि में पशुचारे/भूसे का ईधन के रूप में उपयोग नहीं करेगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक मूल्य पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिए अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईधन उपयोगी भूसे का स्टाक केवल लायसेन्सधारी उद्योग ही स्टाक कर सकेगा और इसकी सुरक्षा की जवाबदारी उस लायसेन्सधारी की रहेगी एवं प्रतिबंधित अवधि में जिले के बाहर लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सर्व-साधारण आम जनता को संबोधित है, और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है अत: दंड संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहत यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## मुख्यमंत्री यादव नायक की भूमिका में आए, हेल्पलाईन पर आनलाईन हुए

**उज्जैन, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव शुक्रवार को पूर्वान्ह नायक की भूमिका में उतर आए। वे सीधे सीएम हेल्प लाईन पर शिकायतकर्ताओं से आनलाईन हो गए और एक –एक कर उन्होंने कुछ शिकायतकर्ताओं से बात भी की और समस्या भी सुनी। इस दौरान उनके चेहरे के भाव साफ नजर आ रहे थे कि वे व्यवस्था को और अधिक सक्रिय करना चाहते हैं।

दरअसल मुख्यमंत्री शहर के विकास को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक करने कोठी पैलेस स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांड एंड कंट्रोल रूम में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी ली और उनके निराकरण की स्थिति भी देखी। इस दौरान उन्होंने रेंडमली चयन कर सीएम हेल्पलाइन के दो शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने फोन करके शिकायतकर्ताओं से सबसे पहले कहा कि मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोल रहा हूं। और फिर दोनों शिकायतकर्ताओ की शिकायत सुनी। पहले शिकायतकर्ता ऋषिनगर निवासी नवीन पिता महेश माथुर से बात की गई। दरअसल नवीन की शिकायत थी कि पिछले 1 वर्ष से उसका बैंक अकाउंट किसी कारण से सीज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने तत्काल नवीन को स्मार्ट सिटी कार्यालय बुलाया। नवीन ने मौके पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को अपनी समस्या बताई। इसके साथ ही परिवार से जुड़ी एक और समस्या भी बता दी कि उसके पिता महेश माथुर को पैरालिसिस हो गया है और वह पेंशन के लिए भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए तत्काल एक लाख रूपए की सहायता राशि और सभी समस्याओं के निराकरण का आदेश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक अन्य शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत अजीमाबाद पारदी निवासी सुनैना नामक छात्रा से भी फोन पर बात की। सुनैना ने बताया कि उसे छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। तब मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए की छात्रवृत्ति की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने सुनैना जी को आश्वत किया कि शिकायत के निराकरण के साथ ही आपको हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।


# मध्य प्रदेश में रविवार से शुरू हो सकता है बारिश का सिलसिला, ओले गिरने की भी है आशंका

**इंदौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से आ रही नमी के कारण प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में बादल बने हुए हैं। कहीं-कहीं रुक-रुककर वर्षा भी हो रही है। इसी क्रम में पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक दमोह में 2, सागर में 0.4, सतना में 0.1, सीधी में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। ऊपरी स्तर पर हवा का रुख उत्तरी होने के कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे तपिश से राहत मिल गई है। प्रदेश में सबसे कम नौ डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 24 फरवरी को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने के बाद 25 फरवरी से प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना भी है।

26-27 फरवरी को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू के आसपास द्रोणिका के रूप में बना है। मराठवाड़ा से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो कर्नाटक से होकर जा रही है। उत्तरी छत्तीसगढ़ पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं।

**इन शहरों में गिर सकते हैं ओले-** 26-27 फरवरी को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू के आसपास द्रोणिका के रूप में बना है। मराठवाड़ा से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो कर्नाटक से होकर जा रही है। उत्तरी छत्तीसगढ़ पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं।

**तापमान में हो सकती है गिरावट-** इसके अलावा ऊंचाई के स्तर पर हवाओं का रुख उत्तरी बना हुआ है। इस वजह से तापमान में गिरावट हो रही है। 24 फरवरी को उत्तर भारत में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से 25 फरवरी से मौसम का मिजाज काफी बदलने की संभावना है। इसके तहत नर्मदापुरम एवं जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। 26-27 फरवरी को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कई स्थानों पर वर्षा के साथ ही ओले गिरने की भी आशंका है।


वरिष्ठ किसान नेता, कुशल संगठक
माननीय
बंशीलाल जी गुर्जर
को
सांसद राज्यसभा
निर्वाचित होकर प्रथम
मन्दसौर नगर आगमन पर
हार्दिक स्वागत शत्-शत् अभिनंदन
एवं शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार
✻✻✻✻ स्वागत समारोह ✻✻✻✻
शनिवार, 24 फरवरी 2024 को प्रातः 9.30 बजे से भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए संजय गांधी उद्यान पर समापन।
सौजन्य से-हितेश गुर्जर मित्र मण्डल, मंदसौर (म.प्र.)

### मामला देव डायग्नोस्टिक के संचालक डॉ. भरत संगतानी पर एफआईआर का...

# सिंधी समाज और डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्य एसपी से मिले

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय के बड़े अस्पताल के सामने स्थित देव डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक डॉक्टर भरत संगतानी पर शहर कोतवाली में 376 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार एक युवती ने डॉक्टर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। शिकायत में युवती का कहना है कि सोनोग्राफी करते समय नर्स वहां से चली गई और उसके बाद डॉ संगतानी ने उससे छेड़छाड़ की। इस कार्रवाई को लेकर चिकित्सकों की लॉबी के साथ सिंधी समाज में भी आक्रोश देखा जा रहा है। डॉ एसोसिएशन आइएमए से जुड़े चिकित्सक शुक्रवार को पुलिस कप्तान के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वहां पुलिस अधीक्षक श्री सुजानिया से इस मामले में चर्चा कर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके पहले रात में भी ऑल इंडिया डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित शहर के कई डॉक्टर्स ने थाने पहुंचकर इस कार्रवाई का विरोध किया।



### सिंधी समाजजन भी पहुंचे...

इस घटना को लेकर सिंधी समाज के लोगों में भी खासा आक्रोश देखा जा रहा है। समाजजनों का कहना है कि बिना किसी जांच पड़ताल के पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। समाजजनों ने युवती के आरोपों को निराधार भी बताया। उन्होंने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की।

### एसपी को करा चुके थे अवगत...

इधर डॉ भरत संगतानी ने अपने जीजा पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। पारिवारिक विवाद के चलते पहले ही उन्होंने पुलिस कप्तान को किसी भी तरह की साजिश का शिकार होने की आशंका से अवगत करा चुके थे। उन्होंने इसको लेकर प्रोटेक्शन की मांग भी की थी।

### क्या है मामला...

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय युवती पेट में दर्द होने के कारण बुधवार दोपहर करीब 1 बजे अपने भाई के साथ बड़े अस्पताल गई। यहां डॉक्टर ने सोनोग्राफी कराने को कहा। इस पर युवती अस्पताल के सामने देव डायग्नोस्टिक सेंटर पहुंची। युवती का कहना है कि करीब 2 बजे उसका नंबर आया। यहां उसे एक नर्स सोनोग्राफी रूम में छोड़कर चली गई। इसके बाद डॉ भरत संगतानी ने सोनोग्राफी करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को बुरी नीयत से टच किया और छेड़छाड़ की। युवती ने बताया की डॉक्टर ने उसे रात में आने को भी कहा। डॉक्टर की हरकत से वह घबरा गई और पूरी घटना अपने भाई को बताई। इसके बाद उसने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

इधर मामले में आरोपी डॉ भरत संगतानी ने युवती के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सोनोग्राफी के दौरान सभी रूल फॉलो किए गए। वहां महिला नर्स भी थी। डॉ ने कहा कि दुबई रहने वाले उनके जीजा ने युवती के साथ मिलकर उन्हें फंसाने का प्लान बनाया है। वे पहले भी उन्हें बदनाम करने की साजिश रच चुके हैं। उन्होंने युवती को मोहरा बनाकर मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की हैं।

## ट्रक की टक्कर से ट्रेक्टर के हुए दो टुकड़े, दो घायल

**पिपलियामंडी, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक की टक्कर से ट्रेक्टर के दो टुकड़े होगए, वहीं दो घायल होगए, अरनिया निजामुद्दीन (मंदसौर) निवासी अशोक अहिरवार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कवह अपने साथी बसाड़ निवासी दाउद पिता जाकिर के साथ ट्रेक्टर (एमपी 14 जेडडी 8533) में भूसा लेकर धानुका फेक्ट्री नीमच जा रहे थे। इसी दौरान सोनिक बायोकेम फेक्ट्री के निकट ट्रक (एमपी 09 जीई 7620) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रेक्टर को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेक्टर के दो टुकडे हो गए। मैं और मेरा साथी घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# प्रभारी मंत्री नहीं होने से प्रशासनिक कार्यों में आ रही थी परेशानी

## कलेक्टरों को दिया जनसंपर्क राशि वितरण का अधिकार

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट का गठन हुए 70 दिन हो चुके हैं। लेकिन इस दौरान मोहन सरकार अपने मंत्रियों को प्रभार के जिले देने का काम नहीं कर सकी है। इसका असर अब सरकार के कामकाज में भी दिखने लगा है। ऐसा ही मामला 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष के पहले सांसदों और विधायकों को मिलने वाली जनसंपर्क निधि के उपयोग को लेकर सामने आया है। जिसके लिए प्रभारी मंत्री की ओर से राशि जारी किए जाने का प्रावधान है। इसलिए अब प्रभारी मंत्री के पावर कलेक्टरों को ट्रांसफर किए गए हैं। चूंकि 13 दिसम्बर को शपथ लेने के बाद 70 दिनों की मोहन सरकार में जिलों में प्रभारी मंत्री नहीं बनाए गए हैं। इसलिए हर विधानसभा के लिए सांसदों और विधायकों को मिलने वाली जनसंपर्क निधि की राशि के वितरण के पावर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा कलेक्टरों को दिए गए हैं। जीएडी ने इसको लेकर जारी आदेश में कहा है कि वर्ष 2023-24 के जनसंपर्क निधि की राशि वितरण के अधिकार कलेक्टरों को दिए जाते हैं। गुरुवार को जारी इस आदेश के बाद अब कलेक्टर सांसदों और विधायकों की ओर से जनसंपर्क निधि के अंतर्गत राशि आवंटित करने को लेकर की जाने वाली अनुशंसा के आधार पर राशि वितरण का निर्णय ले सकेंगे। बता दे कि प्रभारी मंत्री की जो व्यवस्था शिवराज सरकार के कार्यकाल में लागू रही है, उसमें जिला स्तर पर डीएमएफ, जिला योजना समिति समेत अन्य जिला स्तरीय समितियों की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री द्वारा की जाती रही है। इसके साथ ही जिला स्तर पर किए जाने वाले तबादले, कानून-व्यवस्था और बड़े निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी देने का काम भी प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली जिला स्तरीय बैठकों में किया जाता रहा है। इसके साथ ही संगठनात्मक बैठकों में भी प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता महत्वपूर्ण रही है। प्रभारी मंत्री को जिला स्तर पर आम जन जीवन से जुड़ी हर एक्टिविटी का ध्यान रखने और उसमें सरकार की भागीदारी करने की जिम्मेदारी रहती आई है। प्रभारी मंत्री नियुक्त नहीं होने से ये सभी काम भी प्रभावित हो रहे हैं और कलेक्टर अपने स्तर पर ऐसे मामलों में निर्णय कर रहे हैं।

# पत्रकार गुप्ता की देह पंचतत्व में विलिन

**पिपलियामंडी, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पत्रकार सुनील गुप्ता के देह पंचतत्व में विलिन हुई। अंतिमयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। जानकारी के अनुसार 4 वर्ष पूर्व कोराना संक्रमण के बाद से ही पत्रकार गुप्ता अस्वस्थ थे। मंदसौर, इंदौर, अहमदाबाद, उदयपुर, दिल्ली एम्स आदि कई जगह पर उनका उपचार चला। बीमारी होने के बावजूद गुप्ता ने आक्सीजन पर रहकर काफी संघर्ष किया। बीच में कुछ सुधार हुआ, लेकिन कोरोना के चलते संक्रमित हुए फेफड़े कमजोर होने से स्थिति में सुधार नही हो पाया। 50 वर्षीय गुप्ता ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया। 25 वर्षों से वे पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। वे दो बार उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष रहे, सामाजिक, राजनैतिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्र में सक्रियता से कार्य किया। वहीं साप्ताहिक समाचार पत्र शिरोमणि के भी संपादक रहे। शुक्रवार को अस्पताल मार्ग स्थित उनके निवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक व समाजजन शामिल हुए। गुप्ता को मुखाग्नि उनके पुत्र दिव्य व पुत्री दीपल ने दी। शोकसभा में वक्ताओं ने गुप्ता को एक जिंदा दिल इंसान बताते हुए जीवन में विभिन्न क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों की प्रशंसा की।



### राष्ट्रीय संगोष्ठी 26 से

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 26 ओर 27 फरवरी 2024 को भोपाल में हो रहा है। सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में दिग्दर्शिका पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान तथा सक्षम मध्य भारत के तकनीकी सहयोग से 'दिव्यांगजनों का आर्थिक पुनर्वास और सशक्तिकरण' विषय पर विशेषज्ञ द्वारा अपनी राय और सुझाव रखे जाएंगे।

### ✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पंकज कुमार डागा पिता श्यामलाल डागा ने अपना नाम परिवर्तन कर पंकज डागा कर लिया है। अतः आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम पंकज डागा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता- 107, शान्तनु विहार, अभिनंदन कालोनी, मंदसौर

---

### कार्यालय:-संजय राजौरिया, हाईकोर्ट एडव्होकेट

मो.नं.-9425123678 श्रीधर विहार कॉलोनी सीतामऊ (मंदसौर म.प्र.)

क्रमांक (268/1993) दिनांक -24.02.2024

### ✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

मेरे पक्षकार मोहम्मद हुसैन पिता इदबक्ष मुसलमान निवासी नाहरगढ द्वारा दी गई जानकारी व निर्देशानुसार सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि:-

1 -जो कि स्व. इदबक्ष पिता वदुजी मुसलमान निवासी नाहरगढ के तीन पुत्र है जिनके नाम 1-नजीर मोहम्मद 2- मोहम्मद हुसैन 3- सिराज मोहम्मद है।

2 - यह कि स्व. इदबक्षजी ने गवाहों की उपस्थिति व गवाही में अपनी चल अचल सम्पतियों जिनमे ग्राम खानुखेडा, ग्राम नाहरगढ एवं ग्राम झलारा की कृषि भूमियां शामिल है के बारे में एक वसीयत दिनांक 30.06.1996 निष्पादित की जिसकें अनुसार स्व. इदबक्षजी ने ग्राम खानुखेडा की कृषि भूमियों में से निम्न विवरण अनुसार कृषि भूमियां वसीयत कर अपने जीते जी तीनो पुत्रों को कब्जे में सौंप दी थी-

#### ग्राम खानुखेड़ा तहसील सीतामऊ

| क्रं | सर्वे नंबर | रकबा | पुत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 731 | 1.0098 हे. | मोहम्मद हुसैन |
| 2 | 732 | 2.33 में से | मोहम्मद हुसैन को 1/2 हिस्सा उत्तर दिशा का<br>नजीर मोहम्मद को 1/2 हिस्सा दक्षिण दिशा का |
| 3 | 730 | 1.09 हे. | नजीर मोहम्मद को |
| 4 | 738 | 0.25 हे. | नजीर मोहम्मद को |
| 5 | 650 | 1.42 हे. में से | 1/2 पूर्व दिशा की मोहम्मद हुसैन को<br>1/2 पश्चिम दिशा की सिराज मोहम्मद को |
| 6 | 653 | 0.35 हे. में से | 1/2 पूर्व दिशा की मोहम्मद हुसैन को<br>1/2 पश्चिम दिशा की सिराज मोहम्मद |

3 - यह कि ग्राम खानुखेडा की उक्त विवरण अनुसार उल्लेखित सर्वे नंबर व रकबा पर उपरोक्त उल्लेखित व्यक्ति कब्जा व काश्त में सर्व साधारण की जानकारी में दिनांक 30.06.1996 से आज पर्यन्त चले आ रहे है।

4 - यह कि सिराज मोहम्मद पिता इदवक्ष निवासी नाहरगढ़ ग्राम खानुखेडा की भूमि सर्वे नंबर 731 रकबा 1.98 हे0 एवं सर्वे नंबर 732 रकबा 2.33 हे0 में कब्जा व काश्त में दिनांक 30.06.1996 के पूर्व से आज तक नही रहा है अर्थात इन दोनो सर्वे नंबरों की कृषि भूमियों में सिराज मोहम्मद का कोई हित, स्वत्व या कब्जा आज पर्यन्त नही है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि सिराज मोहम्मद राजस्व अभिलेखों मे मात्र अपना नाम होने का बेजा फायदा उठाते हुए उपरोक्त सर्वे नंबर 731 व 732 की कृषि भूमियों को अंतरित करने के दुष्प्रयास में है ऐसा करने को रुकवाने हेतु मेरा पक्षकार आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर रहा है।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था ग्राम खानुखेडा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 731 रकबा 1.98 हे0 एवं सर्वे नंबर 732 रकबा 2.33 हे0 में से 1/2 भूमि उत्तर दिशा की सीराज मोहम्मद पिता इदबक्ष मुसलमान निवासी नाहरगढ से अंतरण में ग्रहण न करें और ना ही ऋण भारित करें। यदि अंतरण में प्राप्त की जाती है तो ऐसा अंतरण व अंतरण विलेख मेरे पक्षकार के हितों के मुकाबले शुन्य व निष्प्रभावी होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

भवदीय
सजंय राजौरिया हाईकोर्ट एडव्होकेट
सीतामऊ/ मन्दसौर 268/1993

---

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/226/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-13.02.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

#### //// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिरुद्ध पाटीदार पिता दिनेश पाटीदार निवासी एलची तहसील दलौदा जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02.02.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 19.03.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

#### आवेदन का संक्षिप्त विवरण


| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | सीतामऊ | खजूरीगौड़ | 1318 | 3.900 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.03.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-24646/2023 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

---

## महाराजकुमार डा. रघुबीरसिंहजी

श्री नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ के संस्थापक, लब्ध प्रतिष्ठित इतिहासकार एवं साहित्यकार महाराजकुमार



## डा. रघुबीरसिंहजी

के जन्म दिवस 23 फरवरी, 2024 के उपलक्ष्य में संस्थान परिवार की ओर से

### शत्-शत् वन्दन...

पुरंजयसिंह राठौर, अध्यक्ष
भुवनेश्वरसिंह चौहान, सचिव
डॉ. विक्रमसिंह भाटी, निदेशक

✻✻✻✻✻✻✻✻✻ सौजन्य ✻✻✻✻✻✻✻✻✻
श्री नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ जिला मंदसौर (म.प्र)


---

### मुकुल कर्नावट 'एडवोकेट'

9, पाटिल कॉलोनी, मालगोदाम रोड नई आबादी मंदसौर (म.प्र.) मो.नं. 7000840913

दिनांक 23-2-2024

### ✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

सर्व साधारण को मेरे व्यवहारी अक्षय कुमावत पिता श्री नन्दराम जी कुमावत निवासी मकान नं. 122 वार्ड नं. 35, बिजली के खम्भे के पास, नरसिंहपुरा नयागांव, मन्दसौर की और से सुचित किया जाता है कि -

1- यह कि मेरे व्यवहारी द्वारा श्री भेरूलाल पिता दुर्गामल जी कुमावत निवासी माताजी वाली गली, मंदिर के पास, नरसिंहपुरा से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1633 रकबा 0.0310 हेक्टर स्थित कस्बा मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर को क्रय करने का अनुबंध दिनांक 25-3-2021 को किया गया था तथा इस संबंध में एक अनुबंध पत्र भी श्री भेरूलाल द्वारा मेरे व्यवहारी के पक्ष में निष्पादित किया गया था। मेरे व्यवहारी द्वारा उक्त संव्यवहार पेटे अग्रिम विक्रय मूल्य भी श्री भेरूलाल कुमावत को भुगतान कर दिया गया है। उक्त श्री भेरूलाल कुमावत द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्र य पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में सम्पादित किया जाना शेष है।

2- यह कि मेरे व्यवहारी को ज्ञात हुआ है कि उक्त श्री भेरूलाल व मेरे व्यवहारी के मध्य उक्त कृषि भूमि के संबंध में अनुबंध होने के बावजूद, श्री भेरूलाल उक्त कृषि भूमि को अन्य को विक्रय या अन्यथा अन्तरित करना चाहते है या उस पर भार, बोझ कायम करना चाहते है जिसका उनको कोई अधिकार नहीं है।

अत: इस जाहिर सुचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1633 रकबा 0.0210 हे. स्थित कस्बा मंदसौर के संबंध में उक्त श्री भेरूलाल कुमावत या अन्य किसी व्यक्ति से कोई अनुबंध आदि नहीं करे ना ही किसी भी प्रकार से अंतरण में लेवें, अन्यथा ऐसा संव्यवहार मेरे व्यवहारी के पक्ष में निष्पादित उक्त अनुबंध व मेरे व्यवहारी के स्वत्वों के मुकाबले शुन्य होगा तथा मेरे व्यवहारी पर बंधनकारी नहीं होगा। उक्त श्री भेरूलाल से संव्यवहार करने वाला ऐसा व्यक्ति व्यर्थ के विवाद में पड़ेगा तथा जिसकी समस्त प्रकार की जवाबदारी ऐसा संव्यवहार करने वाले व्यक्ति की होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
मुकुल कर्नावट 'एडवोकेट'

---


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

## डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

**शनिवार दिनांक 24 फरवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**







वरिष्ठ किसान नेता, कुशल संगठक माननीय

# बंशीलालजी गुर्जर

को सांसद राज्यसभा निर्वाचित होकर प्रथम मंदसौर नगर आगमन पर

## हार्दिक स्वागत, शत् -शत् अभिनंदन

### एवं शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार

स्वागत समारोह-शनिवार, 24 फरवरी 2024 को प्रातः 9.30 बजे से भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए संजय गांधी उद्यान पर समापन।

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻ बधाईकर्ता ✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

## गुर्जर मित्र मंडल मंदसौर (म.प्र.)

BJP


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in